## एक नजर में

### प्रेस बिटेरियन ईसाई समाज ने हर्षोल्लास से मनाया ईस्टर पर्व



**धार ( निप्र )** ईस्टर संडे की सुबह ईसाई कब्रिस्तानों में प्रार्थना सभा की गई। मालवा चर्च काउंसिल-मसीही सेवा मंडल के निर्देशन में स्थानीय प्रेसबिटेरियन ईसाई समाज में गुड फ्राइडे के पश्चात ईस्टर संडे को यीशु मसीह के तीसरे दिन मृतकों में से जी उठने की खुशी में पुनरूत्थान पर्व ईस्टर हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। पुनरुत्थान पर्व ईस्टर समारोह की अध्यक्षता मॉडरेटर रेव्हरेण्ड सुभाष डेविड कुरिया द्वारा की गई विशेष अतिथि वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री राजू फ्रांसिस, सिस्टर विमला मसीह और पास्टर प्रीतेश निकल्स थे। अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत उत्कर्ष डेविड और श्रीमती शलाका हिवाले डेविड द्वारा किया गया। मॉडरेटर रेव्हरेण्ड कुरिया ने संदेश दिया कि स्वर्गदूत ने कहा कि तुम जीविते को मृतकों में क्यों ढूंढते हो वह अपने कहे अनुसार तीसरे दिन जी उठा है। प्रभु यीशु ने मृत्यु पर विजय प्राप्त कर मानव जाति के लिए अनन्त जीवन का द्वार खोल दिया है। दुख भोग सप्ताह ( पेशन वीक) के साप्ताहिक प्रतिवेदन का वाचन महिला सभा सचिव श्रीमती सेरा स्वरूप फ्रांसिस ने किया। जिसमें बताया गया कि आनंदनगर पुनर्वास केंद्र, मिशन कंपाउंड तथा मॉडरेटर हाउस पर पाम संडे घर-घर प्रार्थना सभा अंतिम प्रभु भोज और गुड फ्राइडे की प्रार्थना सभा आयोजित की गई। संयोजक हंसारानी डेविड ने बताया कि ईस्टर संडे को सूर्योदय पर प्रातः कालीन प्रार्थना सभा सीता पाठ और आनंद नगर ईसाई कब्रिस्तानों में की गई तथा समाधि स्थलों पर सुगंधित अगरबत्तियां लगाकर पुष्प अर्पित किए गए। इसके पश्चात मुख्य आराधना प्रेसबिटेरियन चर्च मसीही मंदिर में की गई। आराधना स्थल को परंपरा अनुसार फूलों से सुसज्जित किया गया था। नम्रता डामोर के निर्देशन में भजन मंडली द्वारा भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति दी गई। बाइबल पाठ हंसारानी डेविड और मर्सी स्टेला चंद द्वारा किया गया। दीपा निकल्स द्वारा कलिसियाई प्रार्थना संपन्न की गई। दान संग्रहण का कार्य सुनील डामोर ने किया। ईस्टर मिलन समारोह में समाज जनों द्वारा भाग लेकर एक दूसरे को ईस्टर की बधाई और शुभकामनाएं दी गई। अन्त में स्वल्पाहार वितरित किया गया। समारोह का सफल संचालन श्रीमती हंसारानी डेविड ने किया तथा आभार श्रीमती सेरा स्वरूप फ्रांसिस द्वारा माना गया।

### मनावर में भाजपा धार ग्रामीण नवीन जिला कार्यालय के लिए किया भूमिपूजन



**मनावर।** भारतीय जनता पार्टी के 47 वे स्थापना दिवस शुभ अवसर पर भाजपा धार ग्रामीण जिले के नवीन कार्यालय का भूमि पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन मनावर सिंघाना रोड होटल हरी विलास के पास संपन्न हुआ। भाजपा स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर भूमि पूजन स्थल पर ध्वजारोहण के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित संतों अतिथियों द्वारा वंदे मातरम गान के साथ शुभारंभ हुआ। भोपाल कार्यालय से ड्रष्ट के माध्यम से कार्यक्रम का लाइव प्रदर्शन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि आगमन एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमंत खंडेलवाल प्रदेश अध्यक्ष भाजपा क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजयजी जामवंत एवं माननीय डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री (म प्र शासन) मुख्य अतिथि में नवीन धार ग्रामीण जिला कार्यालय भूमि पूजन का कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। अतिथि उद्बोधन डॉक्युमेंट्री (भोपाल कार्यालय) साथ ही मध्य प्रदेश के 17 जिलों के साथ भाजपा धार ग्रामीण जिले का भी नवीन जिला कार्यालय का भूमि पूजन भी प्रदेश नेतृत्व माध्यम से वर्चुअल के साथ संतों व वरिष्ठजनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ साथ ही भोपाल ड्रष्ट से जुड़कर कार्यक्रम को संचालित किया गया भाजपा कार्यकर्ता गण वह समस्त पदाधिकारी गण सम्मिलित हुए कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन में भाजपा धार ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने कहा की धार ग्रामीण जिले के लिए बहुत ही गौरव का विषय है यह सिर्फ कार्यालय नहीं कार्यकर्ताओं का मंदिर बनने जा रहा है जिसका आज भूमि पूजन हो रहा है कार्यकर्ताओं के कार्य करने के लिए यहीं से लय बनती है इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान जिला भाजपा संगठन द्वारा प्रतीक चिन्ह भेट कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मंचासीन संतगण एवं वरिष्ठ संतगण श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर महाराज परम पूज्य शास्त्री शांति प्रियादास स्वामी, श्री श्री 108 तरण चैतन्य जी बापू, श्री श्री 108 रामसेवक दास जी त्यागी महाराज, संत श्री श्री नरसिंह दासजी महाराज मांडव पंडित प्रवीन शर्मा जी राधे भैया, श्री ओम गिरी जी महाराज अतिथिगण भाजपा जिलाध्यक्ष धार ग्रामीण चंचल पाटीदार, भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, जिला प्रभारी राधेश्याम यादव, पूर्व सांसद छतरसिह दरबार मोहन भायल, विनोद शर्मा, रमेश धड़ीवाल डॉ राज बरफा, पूर्व विधायक रंजना बघेल, जगदीश मुवेल, मुकामसिंह किराड़े, बलवंत मंडलोई, वीरेंद्र बघेल जयराम गामड की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर सिघाना एवं सह मीडिया प्रभारी अंकित शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन महेंद्र महाजन व आभार भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र मेरती ने किया

### श्री शिव महापुराण कथा 11 अप्रैल से रत्न सागर विहार कॉलोनी में

**नागदा।** श्री शिव महापुराण कथा 11 अप्रैल से रत्न सागर विहार कॉलोनी में होने जा रही है, यह कथा दिनांक 11 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर, दिनांक 17 अप्रैल 2026 तक रहेगी। कथावाचक परम पूज्य गुरुजी पंडित अनिल शास्त्री जलोद द्वारा की जाएगी। 11 अप्रैल को कलश यात्रा श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर बस स्टैंड से प्रारंभ होकर रत्न सागर विहार कॉलोनी में शिव मंदिर पर जाएगी। कथा का समय दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। यह जानकारी श्री महाकाल महिला भक्त मंडल द्वारा दी गई। आप सभी धर्म प्रेमी जनता सादर आमंत्रित हैं।





# बूथ सबसे महत्वपूर्ण, यही भाजपा का मंत्र : विक्रम वर्मा

**आठ सत्रों में विभिन्न विषयों पर वक्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया मार्गदर्शन**

**धार नगर के भाजपा कुशाभाऊ ठाकरे मंडल का वर्ग का समापन**

**धार। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत धार नगर के भाजपा कुशाभाऊ ठाकरे मंडल का प्रशिक्षण वर्ग का समापन रविवार को हुआ।**

उद्घाटन सत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री भाजपा वरिष्ठ नेता विक्रम वर्मा पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभु राठौर मंडल अध्यक्ष जयराज देवड़ा मंचासीन रहे। मण्डल प्रशिक्षण वर्ग में कुल 8 सत्र हुए। जिसमें विभिन्न विषय - पार्टी का इतिहास, कार्य विस्तार की हमारी



दृष्टि, केंद्र सरकार की योजनाएं, राज्य सरकार की उपलब्धियां बूथ प्रबंधन और मन की बात कार्यक्रम, हमारी कार्य पद्धति, सोशल मीडिया, एआई, नमो व संगठन एप के बारे में पर वक्ता के रूप में विक्रम वर्मा जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री मनोज लधवे डॉ. शरद विजयवर्गीय जिला उपाध्यक्ष राखी राय, डॉ जगदीश चौहान, कैलाश पिपलोदिया, नीलेश मंडलोई ने भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया।

सभी सत्रों में वर्ग गीत नरेश राजपुरोहित व मांगीलाल टांक ने लिया। इसके पहले सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भारत माता पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगान के साथ आरंभ किया।

**भाजपा की शक्ति उसकी प्राथमिक इकाई**

वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रम वर्मा ने कहा कि बूथ सबसे मजबूत यही हमारा मंत्र है और इसे साकार करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। भाजपा की शक्ति उसकी प्राथमिक इकाई, बूथ में निहित है। भाजपा की सरकारें गरीबों और आवश्यकतानुसार वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाती हैं, ताकि समाज का कोई भी वर्ग और कोई भी परिवार पीछे न रहे। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जाकर योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क करे और उन्हें भाजपा की विचारधारा से जो?ने का कर्तव्य निभाए। यही रास्ता हमें राष्ट्र की सेवा में और अधिक समर्पण से काम करने की प्रेरणा देता है। प्रशिक्षण वर्ग हर कार्यकर्ता के कौशल को निखारने का एक सशक्त माध्यम है। भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के सिद्धांतों को समझते हुए अपने कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। पार्टी को पूरी तरह से संगठनात्मक शक्ति, प्रशिक्षण और निरंतर कार्यकर्ता के विकास के कारण ही आज दुनिया की सबसे ब?ी राजनीतिक पार्टी बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। मंडल में प्रशिक्षण वर्ग में अपेक्षित मंडल पदाधिकारी कार्य समिति सदस्य व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। संचालन अभिषेक मिश्रा व आभार जयराज देवड़ा ने माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# उमंग सिंगार की छवि को उनका ही कार्यकर्ता कर रहा कलंकित

- **वर्ण संघर्ष करने वाली पोस्ट कर रहा है फॉरवर्ड**

**धार।** मध्य प्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष और गंधवानी विधायक उमंग सिंगार काफी चर्चित व कद्दावर नेता माने जाते हैं। कहने को तो यह आदिवासी नेता हैं लेकिन इनके साथ हर वर्ग हर जाति के लोग जुड़े हुए हैं और इसी के चलते उन्होंने वर्तमान में ब्राह्मण वर्ग के स्वतंत्र जोशी को कांग्रेस जिला अध्यक्ष बनवाया है। इससे साबित होता है कि वह हर समाज-वर्ग का सम्मान करते हैं।

हालांकि राजनीति में उनका बयान आदिवासी हिंदू नहीं है, काफी चर्चित हुआ था। लेकिन या सिर्फ राजनीतिक बयान था हकीकत में वह हर वर्ग हर जाति के लोगों को साथ में रखते हैं और सम्मान देते हैं, लेकिन उनका ही एक कार्यकर्ता गोपाल पाल उनकी छवि खराब करने में लगा हुआ है। नाम गोपाल है, लेकिन उसके विचार कंस वाले हैं। जिस प्रकार कंस हिंदू देवी देवताओं का सम्मान नहीं करता था, यह गोपाल भी हिंदू देवताओं पर टिप्पणी कर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। साथ ही ब्राह्मणों को भी अपमानित करने वाली टिप्पणियां लगातार करता रहता है कुल मिलाकर यह सनातन विरोधी टिप्पणी कर उमंग सिंगार की छवि को खराब





चौराहों पर भी यह लोगों के बीच पहुंचकर देवी देवताओं का अपमान, ब्राह्मण का अपमान करने वाली बातें करता है। इस कृत्य के कई चश्मदीद गवाह हैं, जो समय आने पर न्यायालय में भी गवाह दे सकते हैं। कानूनी कार्रवाई के डर से अब पोस्ट डिलीट कर रहा है। ब्राह्मण समाज के ज्ञापन देने के पश्चात हुई कार्रवाई के बाद अब गोपाल पाल अपनी विवादित पोस्ट लगातार डिलीट कर रहा है उसे समझ में आ गया है कि वह अब कानूनी कार्रवाई से बच नहीं पाएगा तो इसने विवादित पोस्ट डिलीट करना शुरू कर दी हैं, लेकिन लोगों ने इसकी पोस्टों को सेव करके रख लिया है जिसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

करने का प्रयास कर रहा है। ब्राह्मण समाज ने गोपाल पाल के खिलाफ थाने में आवेदन दिया था जिस पर धार कोतवाली पुलिस ने गोपाल पाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

इसने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं का भी अपमान करने वाली पोस्ट डाली थी, जिसके चलते स्वयंसेवक ने इसके खिलाफ थाने लिखित शिकायती आवेदन दिया है और कड़ी कार्रवाई की मांग की है समाज में जातिगत संघर्ष करवाने वाली पोस्ट फारवर्ड की देवी देवताओं का अपमान, ब्राह्मणों का अपमान स्वयंसेवकों का अपमान और अब समाज में जातिगत संघर्ष करवाने वाली पोस्ट इसने एक वजनदार दिखने वाले कर्मकांडी ब्राह्मण का फोटो डाला और उसे बताएं कि यह दक्षिणा खाने वाला है। कुछ अन्य वर्ग के कमजोर दिखने वाले लोग बताएं उन्हें बताया कि यह दक्षिणा देने वाले लोग हैं। इस पोस्ट का तात्पर्य है कि ब्राह्मण दक्षिणा खाकर मोटे तगड़े हो रहे हैं और अन्य वर्ग के लोग दक्षिणा देकर दुबले पतले हो रहे हैं। इसने आपस में वर्ण संघर्ष करवाने वाली पोस्ट फॉरवर्ड की। इस प्रकार की पोस्ट यह अक्सर डालता रहता है। अब वक्त आ गया कि ऐसी नफरत फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि समाज में एकता व शांति बनी रहे।

# खरीदी का इंतजार.. बढ़ने लगी परेशानियां

- **समर्थन मूल्य पर खरीदी की आस में किसानों के घरों में लगा गेहूं का ढेर**
- **खुले बाजार में बेचने को मजबूर**
- **बार-बार तारीख बदलने से किसान चिंतित**

**मनावर। । मध्यप्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी को लेकर तारीख पर तारीख बढ़ाकर किसानों के साथ मजाक किया जा रहा हैं। समर्थन मूल्य पर खरीदी की तारीख 1 अप्रैल से बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी गई है। सबसे बड़ी परेशानी उन किसानों की है जो समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए इंतजार करते हुए घरों में गेहूं को सहेजकर ढेर बनाए बैठे हैं।**

किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा बार-बार तारीख बदलने के कारण उन्हें आर्थिक रूप से परेशान होना पड़ रहा है। अब भी यदि तारीख में कोई फेरबदल होता है, तो किसान मजबूरी में ही सही,



लेकिन अपनी उपज को खुले बाजार में बेचने को मजबूर हो जाएंगे।

गौरतलब है कि किसानों की गेहूं की फसल तैयार होकर मंडियों में पहुंच चुकी है। अधिकांश गेहूं औने पौने दाम पर बिक गया है, लेकिन आज तक सरकारी खरीदी शुरू नहीं हो पा रही है। ऐसे में समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू नहीं होने से किसानों ने अपने घरों में गेहूं का ढेर लगा रखा है। खरीदी के आभाव में मजबूरन घर में ही भंडारण करने की भी नौबत आ सकती जो कि किसानों के चिंता का विषय है।

## एक नजर में

**भाजपा संगठन कार्यकर्ताओं पर आधारित संगठन है : पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा**

# भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी के जिला कार्यालय पर किया ध्वजारोहण

***भाजपा अंत्योदय और सशक्त भारत के निर्माण हेतु निरंतर समर्पित हैं : महंत निलेश भारती***

**धार। भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल को जिला भाजपा कार्यालय परिसर में भाजपा वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री विक्रम वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती, विधायक नीना वर्मा की गरिमामय उपस्थित व भाजपा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ध्वजारोहण किया।**

कार्यक्रम उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित कर सभी को स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई-शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष प्रभु राठौड़ व दिलीप पटोदिया भाजपा जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने राकेश पटेल भाजपा नेता डॉ. शरद विजयवर्गीय



बसंतीलाल मामा जैन नगर मंडल अध्यक्ष विशाल निगम और जयराज देवड़ा मंचासीन रहे।

सर्वप्रथम भारत माता और पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित किया। भाजपा स्थापना दिवस पर प्रदेश कार्यालय से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के संबोधन का सीधा प्रसारण को देखा और सुना। जिला कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। अतिथियों द्वारा कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर इस गौरवपूर्ण दिवस की खुशी साझा की।

पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम 6







अप्रैल 1980 से भाजपा परिवार की यात्रा का शुभारंभ कर आज हम पूरे विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन बन गए हैं। यह संगठन कार्यकर्ता आधारित संगठन है। आने वाले समय में हमें अनेक चुनौतियों का सामना करना है हम डीगे नहीं और मानसिक रूप से मजबूत बने। यह भाजपा कार्यालय प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए किसी मंदिर के समान है।

भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने कहा कि आप सभी को विश्व की सबसे ब?ी राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस की सभी का बधाई। इस गौरवशाली अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्रद्धेय अटल जी के चरणों में नमन किया। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम अंत्योदय और सशक्त भारत के निर्माण हेतु निरंतर समर्पित हैं। यह ध्वज सैकड़ों कार्यकर्ताओं के त्याग का भी प्रतीक है।

**इनकी रही मौजूदगी**

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि जिला कार्यालय पर स्थापना दिवस कार्यक्रम में पुर्व नगर पालिका अध्यक्ष ममता जोशी, जिला उपाध्यक्ष राखी राय मोहित तातेड़, रंजीत भंडारी, मनीष प्रधान, नरेश राजपुरोहित, अंकित भावसार पूनम चंद फकीरा, दीपक बिडकर एल्डरमैन प्रीति विशाल राठौर टोनी ठाकुर सुरेश प्रजापत सन्नी होड़ा पूर्व पार्षद हुकुम लश्करी लव प्रजापति देवेंद्र रावल बादल मालवीय समेत महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।